भारतीय भाषाओं पर भाषावैज्ञानिक शोध की वर्गीकृत राज्य ग्रंथसूची

भारतीय भाषा संस्थान प्रलेखन ग्रंथमाला – ५

CENTRAL INSTITUTE OF INDIAN LANGUAGES
DOCUMENTATION SERIES

5

सलाहकार

देवी प्रसन्न पट्टनायक
अखिलेश कुमार श्रीवास्तव

अंग्रेजी संस्करण के संपादक

ई. अण्णामलै
जे. शकुन्तला शर्मा

हिंदी संस्करण में सहयोगी

आई. एस. बोरकर
राजेश सचदेव
ललिता हंडू
जी. वी. नटराजन
के. रामस्वामी
पुष्पा सिंह

भारतीय भाषा संस्थान प्रलेखन ग्रंथमाला – ५

भारतीय भाषाओं पर भाषावैज्ञानिक शोध की वर्गीकृत राज्य ग्रंथसूची

(उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान,
हरियाणा, हिमाचलप्रदेश, दिल्ली)

अंग्रेजी संस्करण की संकलन कर्ता
के. आर. गीता

हिंदी संस्करण के संपादक
हंसराज दुआ
जगदीश चंद्र शर्मा
सुधीर कुमार माथुर

सत्यमेवजयते

भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर

प्रथम मुद्रण : सितम्बर 1983
आश्विन 1905

मूल्य : Rs. 210.

प्रकाशन : डा. ई. अण्णामलै, निदेशक, भारतीय भाषा संस्थान, मानसगंगोत्री, मैसूर – 570 006.

मुद्रण : श्री एच. एम. अनन्तराम, कान्ती ऑफसेट प्रिन्टर्स, ब्यूगलराक रोड, बसवनगुडी
बैंगलूर – 560 004.

प्रस्तावना

भारतीय भाषा संस्थान की स्थापना 17 जुलाई 1969 में भारतीय भाषाओं के विकास में सहायता देने और उससे संबंधित शोधकार्य को संयोजित करने के उद्देश्य से की गई थी। संस्थान का उत्तरदायित्व एक ऐसे केंद्र के रूप में स्थिर किया गया था जिससे विभिन्न भाषावैज्ञानिक स्रोतों से उपलब्ध शोध एवं साहित्यिक सामग्री को एक ही स्थान में एकत्रित किया जा सके तथा भारत में भाषाओं और भाषावैज्ञानिक शोध क्षेत्रों में मूलभूत एवं व्यावहारिक शोध में अंतर को कम किया जा सके।

संस्थान और उसके चार क्षेत्रीय भाषा केंद्र शोध और शिक्षण में संलग्न है और इससे विभिन्न प्रकार की सामग्री का प्रकाशन संभव हो गया है। विभिन्न स्तरों के अनुरूप और विभिन्न प्रकार की आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए शिक्षण एवं अधिग्रहण की उपयुक्त पाठ्य सामग्री तैयार करना संस्थान के प्रमुख कार्यों में से एक है। इसी प्रकार भाषा अधिग्रहण और भाषा का बहुआयामी सामाजिक मनोवैज्ञानिक अध्ययन संस्थान का एक अन्य विस्तृत कार्यक्षेत्र है। संस्थान द्वारा प्रकाशित ग्रंथ भारतीय भाषा संस्थान और उसके क्षेत्रीय भाषा केंद्रों के सदस्यों एवं विश्वविद्यालयों तथा अन्य संस्थानों के विद्वानों के शोध का परिणाम है।

भारतीय भाषा संस्थान ने भारतीय भाषाओं पर कंप्यूटराधारित सामग्री को प्रस्तुत करने के उद्देश्य से दीर्घावधि योजना के रूप में भाषाओं से संबंधित राज्य ग्रंथ सूचियों के निमार्ण का कार्यभार हाथ में लिया है। इस दिशा में प्रथम प्रयास के रूप में विस्तार और महत्व को ध्यान में रखते हुए हिंदी की ग्रंथ सूची को तैयार करने का निर्णय लिया गया है। हिंदी भाषी राज्य उतने ही बहुभाषी हैं जितने अहिंदी भाषी राज्य और संपूर्ण भारत। अतः संपूर्णता की दृष्टि से यह निश्चय किया गया कि इस ग्रंथ सूची में न केवल हिंदी राज्यों में हिंदीतर भाषाओं पर उपलब्ध शोधकार्य सम्मिलित किये जाएँ अपितु अहिंदी भाषी राज्यों में प्राप्त हिंदी पर शोधकार्य भी।

ऐसी ग्रंथ सूचियों से यह आशा की जाती है कि इससे न केवल शोधकार्य में पुनरावृत्ति और निरर्थकता से बचा जा सकेगा और शोध का स्तर ऊँचा उठाया जा सकेगा अपितु उन शोध क्षेत्रों या विषयों की ओर भी उपयुक्त ध्यान दिया जा सकेगा जिनमें विद्वानों ने यथेष्ट कार्य नहीं किया है और जो शोध कार्य में एक चुनौती प्रस्तुत करते हैं।

हिंदी के विषय में बहुत गलत धारणाएं हैं। भारत में भारतीय भाषाओं के विभिन्न विद्वानों ने अपनी भाषाओं की प्राचीनता और गुणात्मक श्रेष्टता सिद्ध करने के उद्देश्य से संबंधित भाषाओं के विषय में ऐसी बातें कही हैं जो तथ्यों पर आधारित नहीं है। ऐसी आशा की जाती है कि सामान्य रूप से राज्य भाषाओं की ग्रंथ सूचियाँ और विशेष रूप से हिंदी भाषा की राज्य ग्रंथ सूची में बहुत सी गलत धारणाओं को दूर किया जा सकेगा।

यह संतोष की बात है कि तृतीय हिंदी विश्व सम्मेलन के अवसर पर भारतीय भाषा संस्थान ने इस ग्रंथ के रूप में अपना योगदान दिया है। यह आह्लाद का विषय है कि सम्मेलन के प्रबंधकों ने

इस ग्रंथ के विमोचन की सम्मति दी है। हिंदी तथा अन्य भाषाओं में इस प्रकार का सहयोग राष्ट्रीय भावात्मक एकता का प्रतीक है और इससे क्षेत्रीय एवं संकीर्ण प्रवृत्तियों का विरोध हुआ है। यदि विद्वान इस ग्रंथ सूची को उपयोगी समझेंगे तो हमारा प्रयास सार्थक एवं सफल माना जायेगा।

देबी प्रसन्न पट्टनायक
निदेशक

भूमिका

भारतीय भाषाओं पर भाषा वैज्ञानिक शोध की वर्गीकृत राज्य ग्रंथ सूची की पहली जिल्द अंग्रेजी में प्रकाशित हो चुकी है। इसका हिंदी संस्करण प्रकाशित करना उचित समझा गया है। चूंकि यह ग्रंथ-सूची हिंदीभाषी राज्यों में हिंदी तथा हिंदीतर भाषाओं में उपलब्ध शोध से संबंधित है, इसलिए ऐसी आशा की जाती है कि इस का हिंदी रूपांतरण हिंदी के विद्वानों और शोधकर्ताओं के लिए अधिक उपयोगी सिद्ध होगा।

हिंदी भाषा के विभिन्न पक्षों पर जो शोध-सामग्री अंग्रेजी तथा अन्य विदेशी भाषाओं में मिलती है, उस को इस ग्रंथ में प्रस्तुत करने के दो विकल्प थे। एक, उसको देवनागरीकृत रूप में प्रस्तुत करना, और दूसरे, उस का हिंदी अनुवाद प्रस्तुत करना। प्रथम विकल्प में केवल देवनागरीकरण की समस्या थी। हमने दूसरे विकल्प को अधिक महत्वपूर्ण समझा है। यह अनुभव किया गया कि हिंदी पर प्राप्त अंग्रेजी की पुस्तकों एवं शोध-लेखों का हिंदी अनुवाद करने से नई संकल्पनाओं एवं नई तकनीकी शब्दावली के विकास में सहायता मिलेगी। इस संबंध में संपादकीय टिप्पणी में हमनें यह स्पष्ट कर दिया है कि हमें नई तकनीकी शब्दावली के निर्माण में किस प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। प्रस्तुत ग्रंथ को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए हमने अंग्रेजी के मूल-शीर्षकों को रोमन लिपि में भी दिया है। यह ग्रंथ की उपयोगिता की दृष्टि से अवश्यक समझा गया।

प्रस्तुत ग्रंथ को अंग्रेजी में प्रकाशित ग्रंथ की कार्बन कापी के रूप में ही नहीं लेना चाहिए। एक कारण यह है कि देवनागरी क्रमानुसार प्रविष्टियों के नियोजन से ग्रंथ का रूप भिन्न हो गया है। इस के अतिरिक्त अंग्रेजी संस्करण में ऐसा देखने में आया कि कुछ नामों का रोमन लिपि के अनुसार क्रम ठीक नहीं था। उदाहरण के लिए अंबा प्रसाद सुमन द्वारा प्रकाशित लेख एवं पुस्तकें 'अंबा' के अंतर्गत रखी गई हैं। हमने उन्हें 'सुमन' के अंतर्गत रखा है। जहां तक संभव हो सका है, इस प्रकार की त्रुटियों को हम ने दूर करने का प्रयास किया है। किंतु इस का यह अभिप्राय नहीं है कि प्रस्तुत ग्रंथ में कोई त्रुटि नहीं है। जो भी गुण दोष अंग्रेजी संस्करण के हैं, वे अनायास ही हिंदी संस्करण में भी मिल जाएँगे।

यदि हिंदी संस्करण में शीर्षकों के अनुवाद में एकरूपता एवं स्वाभाविकता नहीं मिलती तो उसका एक प्रमुख कारण यह है कि अंग्रेजी प्रविष्टियों के हिंदी अनुवाद में कई व्यक्तियों ने सहयोग दिया है। संपादन कार्य में एकरूपता बनाये रखने का भरसक प्रयत्न किया गया है। यदि कुछ त्रुटियां रह गई हैं तो उसके लिए संपादक गण ही जिम्मेदार है।

अंग्रेजी नामों, स्रोत-पत्रिकाओं, ग्रंथों एवं अन्य प्रकाशन संबंधी सूचनाओं को मानक देवनागरी में प्रस्तुत करने में भी हमें कई कठिनाइयों का समाना करना पड़ा है। मुख्य कठिनाई उच्चारण संबंधी है। विशेषकर अंग्रेजी के अतिरिक्त अन्य विदेशी भाषाओं, जैसे रूसी, फ्रैंच, जर्मन आदि नामों, पत्रिकाओं, शीर्षकों आदि के उच्चारण कहाँ तक सहीं हैं, यह कहना कठिन है।

अंग्रेजी संस्करण से हिंदी संस्करण तैयार करने में हमें एक प्रमुख कठिनाई नामों के रूपांतरण में हुई है। रोमन लिपि मे लिखे 'Shukla', 'Gupta' आदि नाम देवनागरी में शुक्ल/शुक्ला,

गुप्त / गुप्ता लिखे जा सकते हैं। हिंदी की मूल प्रविष्टयों में यह नाम कैसे लिखे थे इसकी जांच करना संभव नहीं था। हमने प्रायः 'शुक्ल', 'गुप्त' रूप ही स्वीकार किये हैं। जहाँ हमें उचित लगा है, हमने दूसरे रूपों का प्रयोग भी किया है। जैसी कि कदाचित परंपरा है, महिलाओं के नाम के साथ हमने 'गुप्ता' रूप का प्रयोग किया है।

एक अन्य प्रकार की कठिनाई इस बात से संबंध रखती है कि हिंदी में अभी तक इस प्रकार की मानक ग्रंथ-सूचियाँ उपलब्ध नहीं हैं और विभिन्न प्रकार की ग्रंथ-सूचिक तथ्यों को प्रस्तुत करने के मानक रूप स्थिर नहीं हुए हैं। उदाहरण के लिए यदि कोई लेख किसी संकलन में प्रकाशित हुआ है तो उसको अंग्रेजी में इस प्रकार प्रस्तुत किया जा सकता है—

Ganesan; S. N. Structural Blanks and Ambiguities in Hindi. In× Proceedings of the 4th All India Conference of Linguists 1973, Edited by Ashok R. Kelkar and others, Poona, Linguistic Society of India, 1978, p. 305.

यहाँ पर 'In' के समतुल्य 'में' से काम नहीं चल सकता। अतः इस प्रकार की स्थितियों में हमें नई परिपाटी का विकास करना पड़ा है। फिर भी यह कहना कठिन है कि प्रस्तुत ग्रंथ में सब प्रकार की सूचनाओं को एक मानक रूप में प्रस्तुत करने की परिपाटी का कोई निश्चित रूप स्थिर हो पाया है। यह इस प्रकार के ग्रंथों के निरंतर प्रकाशन से ही संभव हो पायेगा।

यह अत्यंत हर्ष और संतोष का विषय है कि हम यह ग्रंथ हिंदी जगत में प्रस्तुत कर रहें हैं। आशा है विद्वानों एवं शोधकर्ताओं के लिए यह उपयोगी सिद्ध होगा।

अंत में, हम अपने उन सहयोगियों का आभार प्रकट करना चाहते हैं जिन्होंने इस ग्रंथ को मूर्त रूप प्रदान करने में सहायता दी है। सर्वप्रथम हम डा० देबी प्रसन्न पट्टनायक के आभारी हैं जिन्होंने अपनी सूझबूझ और दूरदर्शिता से इस ग्रंथ के हिंदी संस्करण को उपयोगी समझा और इस को पूर्ण करने के लिए हमें प्रेरित किया। हम डा० ई० अण्णामलै और श्रीमती शकुंतला शर्मा के आभारी हैं जिन्होंने इस ग्रंथ के अंग्रेजी संस्करण की सामग्री के प्रयोग की अनुमति दी और अपने अमूल्य परामर्श से हमारा उत्साह बढ़ाया। हम डा० अखिलेश कुमार श्रीवास्तव के आभारी हैं जिन्होंने न केवल हमें समय समय पर उत्साहित किया अपितु इस योजना को कार्य रूप में परिणित करने में अभिष्ट सुविधाएँ प्रदान कीं। अंत में हम अपने इन सहयोगियों के आभारी हैं : श्री आई. एस. बोरकर, डा० राजेश सचदेव, श्रीमती ललिता हंडू, श्री जी. वी. नटराजन, श्री के. रामास्वामी, श्रीमती पुष्पा सिंह। इन्होंने पूर्ण लग्न, उत्साह और सहयोग से कार्य किया और इस ग्रंथ को पूर्ण करने में सहायता दी।

इस ग्रंथ सूची के टंकण एवं अनुलिपि पाठ में श्री जगदीश शरण की कार्य-कुशलता सराहनीय है। इन्होंने पूर्ण तत्परता एवं लग्न से काम करके अल्प समय में ही प्रेस कापी तैयार की। ये धन्यवद के पात्र हैं।

हंसराज दुआ
जगदीश चन्द्र शर्मा
सुधीर कुमार माथुर

संपादकीय

भारत में भाषावैज्ञानिक शोध से न केवल भाषाविज्ञान का विकास हुआ है, अपितु भारतीय भाषाओं का भी। भारत की विभिन्न भाषाओं पर विद्वानों का शोध कार्य निरंतर बढ़ता जा रहा है। इससे भाषावैज्ञानिक अध्ययन की उपलब्ध सामग्री की सुव्यवस्थित ग्रंथ-सूची तैयार करने की आवश्यकता भी बढ़ गई है। भविष्य में शोध द्वारा मार्ग-दर्शन अथवा नवीन प्रणालियों का विकास तभी संभव है जब उपलब्ध सामग्री का ब्योरेवार विवरण प्रस्तुत किया जाए। इस ग्रंथ में यह प्रयास किया गया है कि भारतीय भाषाओं पर भाषावैज्ञानिक एवं भाषा-संबंधी ग्रंथ सूचिक सामग्री को एक ही ग्रंथ में प्रस्तुत किया जाए। यह भारतीय भाषा संस्थान की एक बृहत योजना का अंश है। इस योजना का उद्देश्य भारतीय भाषाओं पर एक कंप्यूटरबद्ध आधारभूत सामग्री को तैयार करना है जिससे भारतीय भाषाओं पर भाषावैज्ञानिक, भाषा सांख्यिकी, ग्रंथ सूचिक तथा अन्य सब प्रकार की सूचना को कंप्यूटर टेपों पर संगृहीत एवं विधिबद्ध किया जा सके तथा इच्छानुसार आवश्यक सूचना को तत्काल सुलभ कराया जा सके।

ग्रंथ-सूची तैयार करना एक कठिन और श्रम-साध्य कार्य है। इसमें संकलकर्ता को राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय, प्राथमिक और अप्रधान स्रोतों से प्राप्त विपुल सामग्री को सुव्यवस्थित रूप में प्रस्तुत करना पड़ता है। विभिन्न प्रकार की सामग्री में भिन्न-भिन्न वर्गीकरण की प्रणालियों एवं अंकन पद्धतियों से काम लिया जाता है। एक विस्तृत मानक वर्गीकरण व्यवस्था का विकास करना सहज कार्य नहीं है। इसके लिए गहरी सूझबूझ, संपूर्ण अध्ययन क्षेत्र का विहंगम अवलोकन तथा उस क्षेत्र में विकसित विभिन्न पद्धतियों का ज्ञान आवश्यक है।

प्रस्तुत ग्रंथ-सूची के निर्माण में निम्नलिखित संपादकीय कार्य की आवश्यकता थी:

(अ) संकलनकर्ता द्वारा एकत्रित सामग्री को प्रस्तुत करने का ढांचा तैयार करना और उनको विभिन्न ग्रंथों एवं विशेषतः प्रस्तुत ग्रंथ में संकलित करने की व्यवस्था करना।

(ब) भाषाविज्ञान, भारतीय संदर्भ में शोध एवं सभी प्रविष्टियों को ध्यान में रखते हुए एक विस्तृत वर्गीकरण व्यवस्था का विकास करना।

(स) प्रविष्टियों के आधार पर भाषावैज्ञानिक शोध में अभिनव प्रवृत्तियों की समीक्षा करना।

(अ) सामग्री की व्यवस्था:

राज्यों एवं संघीय क्षेत्रों के लिए भाषावैज्ञानिक एवं भाषा संबंधी शोध-सामग्री की अलग-अलग ग्रंथ-सूचियों को तैयार करना आवश्यक समझा गया। भारतीय भाषावैज्ञानिक शोध-सामग्री को राज्यों के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करने में दो उद्देश्य निहित थे। (क) विभिन्न राज्यों में भाषावैज्ञानिक शोध की मात्रा और उसका वितरण, (ख) राज्य में उपलब्ध शोध-सामग्री में विभिन्न भाषाओं का प्रतिनिधित्व।

भारत में भाषावैज्ञानिक कार्य के क्षेत्र को समझने के लिए हम राज्यों के संदर्भ में सामग्री के संकलन और व्यवस्था को आवश्यक समझते हैं। इसलिए हमने प्रत्येक राज्य और संघीय क्षेत्र में प्रत्येक भाषा पर उपलब्ध सामग्री को संकलित करने का प्रयास किया है। जब कोई भाषा एक से अधिक राज्यों में बोली जाती है तब उसे हमने उस राज्य की भाषा माना है जहाँ उसके बोलने वाले सबसे अधिक संख्या में हैं। (देखिये परिशिष्ट 1)। यदि किसी प्रविष्टि से यह स्पष्ट नहीं होता कि अमुक भाषा पर किस राज्य में शोधकार्य हुआ है तब हमने उसे उस राज्य के अंतर्गत रखा है जहां उसके अधिकांश वक्ता रहतें हैं। उदाहरणस्वरूप, मुंडा भाषा-भाषी मध्यप्रदेश, बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा में पाए जाते हैं। किंतु मुंडा भाषा-भाषियों की संख्या के आधार पर हमने उसे उड़ीसा की भाषा माना है।

किंतु यदि प्रदिष्टि के शीर्षक से यह स्पष्ट है कि मुंडा भाषा मध्य प्रदेश में बोली जाती है तो उसे मध्य प्रदेश में रखा गया है। इस प्रकार राज्य में वे सब भाषाएं गिनाई गई हैं जिनके वहाँ अधिक वक्ता हैं और जो वहाँ बोली जाती है। उदाहरणस्वरूप, खड़ी बोली भाषाभाषी जनगणना के अनुसार मुख्य रूप से राजस्थान में पाए जाते हैं। अतः खड़ी बोली की प्रविष्टियों को राजस्थान राज्य में दिया गया है। यदि खड़ी बोली के दिल्ली में बोले जाने का जिक्र है तो उसे संघीय क्षेत्र दिल्ली में रखा गया है।

संस्कृत, उर्दू, सिंधो, अंग्रेजो तथा पालि, प्राकृत आदि प्राचीन भाषाओं को किसी राज्य या संघीय क्षेत्र में नहीं रखा गया। यद्यपि 30 प्रतिशत से अधिक उर्दू भाषा-भाषी उत्तर प्रदेश में पाए जाते हैं, फिर भी उसे उत्तर प्रदेश में सम्मिलित नहीं गया, क्योंकि उर्दू भारत में सब राज्यों में बोली जाती है। अतः हमने इन भाषाओं को सामान्य शीर्षक भारत के अंतर्गत रखा है। इसमें उन प्रविष्टियों को भी रखा गया है जो भाषा-विशेष की बजाय भाषा-परिवार को इंगित करती है।

राज्य ग्रंथ सूचियों को निम्नलिखित जिल्दों में बांटा गया है:—

जिल्द 1: इसमें हिंदी-भाषी राज्य, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और संघीय क्षेत्र दिल्ली सम्मिलित हैं।

जिल्द 2: इसमें उड़ीसा, बंगाल तथा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र आते हैं।

जिल्द 3: इसमें जम्मू और कश्मीर, पंजाब, गुजरात और महाराष्ट्र सम्मिलित हैं।

जिल्द 4: इसमें आध्रं प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु सम्मिलित हैं।

जिल्द 5: इसमें वे प्रविष्टियां संकलित हैं जो संपूर्ण भारत की ओर इंगित करती हैं तथा सिंधी, उर्दू, अंग्रेजी, संस्कृत तथा भाषा-परिवारों से संबंधित हैं।

पहली जिल्द को कई भागों में विभाजित किया गया है। पहले भाग में हिंदी की सामान्य प्रविष्टियां हैं जो किसी राज्य को इंगित नहीं करतीं। दूसरे भाग में हिंदी की वे प्रविष्टियां हैं जिनमें हिंदी की अन्य भाषाओं से तुलना है और जो किसी राज्य की ओर इंगित नहीं करतीं। तीसरा भाग हिंदी भाषी राज्यों पर है। चौथा भाग हिंदी-भाषी राज्यों में बोली जाने वाली उन भाषाओं से संबंधित है, जो हिंदी भाषेतर राज्यों में भी बोली जाती है।

वृद्धि हुई, किंतु पाठ्यपुस्तकों के निर्माण में कमी आई है। हिंदी कोश-निर्माण में भी इन दशकों में निरंतर बढ़ोत्तरी हुई है।

बीसवीं शताब्दी के उत्तार्द्ध में हिंदी की तुलना में हिंदुस्तानी पर भाषावैज्ञानिक शोध में एकदम कमी आई है। यह हिंदी और उर्दू को अलग-अलग स्थान देने एवं उनपर अलग-अलग शोधकार्य का परिणाम है।

(2) हिंदी-भाषी राज्यों से बाहर अन्य राज्यों में हिंदी पर 72 प्रविष्टयां हैं और भारत से बाहर केवल 26। यद्यपि प्रविष्टियों की यह संख्या अधिक नहीं है, फिर भी इससे हिंदी का राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर इंगित होता है।

(3) सारिणी 2ब (i) से स्पष्ट है कि एक तिहाई से अधिक प्रविष्टियाँ वर्णनात्मक भाषाविज्ञान पर हैं। इसका कारण यह है कि भारत में अधिकतर भाषावैज्ञानिक कार्य वर्णनात्मक व्याकरण से संबंधित है। 1060 प्रविष्टियों में 500 (47.2%) रूपिमिक-विज्ञान एवं वाक्य-रचना पर है, (यद्यपि रूपिमिक-विज्ञान और वाक्य-रचना का एक ही वर्ग है, अधिकतर प्रविष्टियां रूपिमिक-विज्ञान पर ही हैं।) और 214 (20.2%) व्याकरण पर हैं। वर्णनात्मक भाषाविज्ञान के अंतर्गत दूसरा मुख्य उपभाग शाब्दिक अर्थ-अध्ययन पर है। हिंदी-भाषी राज्यों में कई विश्वविद्यालयों में पी-एच.डी. शोधप्रबंध इसी विषय से संबंधित है। इस प्रकार के अध्ययन में केवल शीर्षक के आधार पर उन के विषय की प्रकृति और क्षेत्र का अनुमान लगाना संभव नहीं है। अतः उपयुक्त सूचना उपलब्ध न होने के कारण हमने उन्हें वर्णनात्मक भाषाविज्ञान के अंतर्गत शाब्दिक-अर्थ-अध्ययन के उपवर्ग में रख दिया है।

हिंदी-भाषी राज्यों में शब्द-विज्ञान पर बहुत कम ध्यान गया है। अर्थविज्ञान की भी यही स्थिति है। यद्यपि भारत में अर्थ-विज्ञान और दर्शनशास्त्र की समृद्ध परंपरा रही है, आधुनिकसंदर्भ में इन क्षेत्रों में बहुत अधिक शोधकार्य नहीं हुआ है। स्वनिमिकी पर अधिक ध्यान नहीं गया है जैसा कि आंकड़ों से स्पष्ट है (8.96%)। किंतु यहाँ यह स्पष्ट कर देना आवश्यक होगा कि व्याकरण में स्वनिमिकी समाहित हो जाती है, अतः सारिणी (2स) में उसका अलग से पूर्ण प्रस्तुतीकरण नहीं हो पाया। व्याकरण में प्रायः रूपिम-विज्ञान पर एक भाग होता है। इससे रूपिम-विज्ञान और वाक्य-विन्यास पर प्रविष्टियां बढ़ जाती हैं।

वर्णनात्मक भाषाविज्ञान के बाद अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान का स्थान आता है जिसके अंतर्गत कुल प्रविष्टियां 13.59% हैं। इसकी लगभग आधी प्रविष्टियाँ शैलीविज्ञान की हैं। ये अधिकतर पी-एच.डी. शोधप्रबंधों पर हैं। यद्यपि बहुभाषी भारत के संदर्भ में अनुवाद का महत्वपूर्ण स्थान है और इसपर कुछ काम भी हुआ है, फिर भी इसपर पर्याप्त शोध नहीं हुआ है। कोश-निर्माण की स्थिति भी यही है। कोश-निर्माण की निरंतर प्रगति के बावजूद इस क्षेत्र में शोध का पर्याप्त अभाव है।

हिंदी-भाषी राज्यों में भाषावैज्ञानिक शोध का 12.94% शोधकार्य समाज भाषाविज्ञान में हुआ है। इसमें लगभग एक चौथाई से अधिक कार्य उपभाषा विज्ञान पर हुआ है जो प्रमुखतः

वर्णनात्मक है। यद्यपि बहुभाषिकता और बहु-उपभाषिकता का क्षेत्र विस्तृत है, फिर भी भाषावैज्ञानिकों ने प्रकार्यात्मक एवं सामाजिक दृष्टिकोणों से इन विषयों के अध्ययन पर अधिक ध्यान नहीं दिया है।

भाषा के समाजशास्त्रीय अध्ययन का स्थान नगण्य सा है, क्योंकि इस क्षेत्र में केवल 1% प्रविष्टियाँ मिलती हैं। वाक् की मानव-जातीय अभिरचनाओं पर 3% से कम प्रविष्टियाँ हैं। इससे स्पष्ट है कि यद्यपि भारत समाज-भाषाविज्ञान के लिए एक उत्तम प्रयोगशाला है, इस क्षेत्र में शोध में कोई विशेष दिशाएं स्पष्ट नहीं हुई हैं। अभी तक भाषावैज्ञानिक शोध अधिकांश रूप से वर्णनात्मक भाषाविज्ञान तक ही सीमित रहा है। यद्यपि भाषा नियोजन एक प्रमुख वर्ग है और इसमें 35% से अधिक प्रविष्टियां हैं, इसको अधिक महत्व नहीं दिया जा सकता क्योंकि अधिकतर प्रविष्टियां गैर-तकनीकी प्रकार की हैं। वे मुख्यतः राज्य-भाषा हिंदी से संबंधित हैं। जो पुस्तक अथवा लेख भाषा-नियोजन की अपेक्षा राजनैतिक पक्ष से संबंधित है उसे भाषा और राजनीति के वर्ग में रखा गया है।

हिंदी-भाषी राज्यों में ऐतिहासिक भाषाविज्ञान में कुल 12.29% प्रविष्टियाँ हैं। इस वर्ग में 359 में से 140 केवल भाषा के इतिहास के उपवर्ग में आती हैं।

भाषाओं के इतिहास के बाद मूलपाठ-विषयक अध्ययन आते हैं। शैलीविज्ञान की भाँति ये अध्ययन भी प्रमुख रूप से पी-एच.डी. शोधप्रबंध ही हैं। प्रायः ये वर्णनात्मक हैं। ये अधिकतर साहित्यिक पाठ हैं। शिलालेखों पर बहुत कम सामग्री (2%) है। हिंदी-भाषी राज्यों में भाषावैज्ञानिकों ने भाषाकालक्रमविज्ञान की ओर बहुत कम ध्यान दिया है। यहाँ तक कि व्युत्पत्ति पर प्राप्त प्रविष्टियाँ इस वर्ग की कुल प्रविष्टियों का दसवां भाग है।

भाषा-संबंध के वर्ग में कुल शोध की 6.37% प्रविष्टियां हैं। इसमें मुख्यरूप से तुलनात्मक अध्ययन आता है। इसका कारण यह है कि हिंदी की अन्य भारतीय तथा विदेशी भाषाओं से तुलना की गई है। शायद ऐसे अध्ययन भाषा-शिक्षण को ध्यान में रखकर किये गए हैं और यह इस शताब्दी में हिंदी-शिक्षण में बढ़ोत्तरी का परिणाम हैं।

भाषा और राजनीति के वर्ग में 150 से अधिक पुस्तकें एवं लेख हैं। ये प्रमुख रूप से हिंदी राज्य अथवा राष्ट्रभाषा से संबंधित हैं। जैसा कि ऊपर कहा गया है, इन प्रविष्टियों से पता नहीं चलता कि इनमें विद्वता की दृष्टि से कितनी वस्तुगत निष्पक्षता है और भाषा नियोजन के संदर्भ में इनका क्या महत्व है।

हिंदी-भाषी राज्यों में हिंदी तथा अन्य भाषाओं के ध्वनिवैज्ञानिक अध्ययन पर भाषा-वैज्ञानिकों ने अधिक ध्यान नहीं दिया है। इस वर्ग में 5% से कम प्रविष्टियाँ मिलती हैं।

लिपि और लेखन पद्धतियों के वर्ग में देवनागरी के कारण कुछ प्रविष्टियाँ हैं। ये 4% से कम हैं। यद्यपि विभिन्न भारतीय भाषाओं में लिपि की कई समस्याएँ हैं और जनजातीय तथा अन्य अलिखित भाषाओं के लिए लिपियों के विकास की अत्यंत आवश्यकता है, फिर भी लेखन-पद्धतियों के विषय पर शोधकों का अधिक ध्यान नहीं गया है।

मनोभाषाविज्ञान और मानव-जाति भाषाविज्ञान में क्रमशः केवल 58 और 31 प्रविष्टियाँ हैं जो इन क्षेत्रों में शोधाभाव को सूचित करती हैं। शोध की धाराओं के रूप में तंत्र-भाषाविज्ञान एवं सांख्यिकी भाषाविज्ञान अभी तक प्रतिष्ठित नहीं हो पाए हैं। दोनों के लिए केवल 7 प्रविष्टियां मिलती हैं, जो किसी शोध-क्षेत्र के योजनाबद्ध विकास को परिलिक्षित नहीं करतीं।

नीचे सारिणी में 1978 में प्रकाशित ग्रंथ-सूची के आधार पर भाषाविज्ञान में पी-एच.डी. शोधप्रबंधों का तथा प्रस्तुत ग्रंथ सूची से भाषाविज्ञान के कुछ विषयों की प्रविष्टियों का प्रतिशत वितरण दिया गया है।

विषय	प्रतिशत	
	पी-एच.डी. शोधप्रबंध	कुल शोध
वर्णनात्मक भाषाविज्ञान	33.1	36.3
ऐतिहासिक भाषाविज्ञान	27.00	12.3
समाज-भाषाविज्ञान	13.6	12.9
अनुप्रयुक्त-भाषाविज्ञान	13.5	13.6
भाषा-संबंध	4.3	6.4
मनोभाषाविज्ञान	2.8	2.00

यह ध्यान देने की बात है कि प्रतिचयन के आकार में भिन्नता, भाषाओं के सीमित होने तथा शोध की प्रकृति में अंतर होने के बावजूद भी पहले और प्रस्तुत ग्रंथ की प्रविष्टियों के प्रतिशत में विशेष अंतर नहीं आया है। केवल ऐतिहासिक भाषाविज्ञान के संदर्भ में पर्याप्त अंतर दिखाई देता है। शायद ऐसा भारत में पी-एच.डी. उपाधि के लिए किसी प्राचीन पाठ पर आधारित व्याकरण लिखने की प्रथा के कारण है।

भारत में भाषावैज्ञानिक शोध के संदर्भ में सामान्य रूप से और हिंदी-भाषी राज्यों के संदर्भ में विशेषरूप से जो सामग्री प्रस्तुत ग्रंथ में संकलित की गई है, उसकी निश्चित रूप से एक से अधिक व्याख्या संभव है। हमें आशा है इस ग्रंथ से न केवल अतीत शोध का ही विवरण प्राप्त होगा, अपितु ऐसे क्षेत्रों में शोध का दिशा-निर्देश भी मिलेगा जिनपर अब तक अधिक ध्यान नहीं दिया गया है।

ई. अण्णामलै

जे. शकुंतला शर्मा

वर्गीकरण व्यवस्था

भाषाविज्ञान

मुख्य वर्ग

1. वर्णनात्मक भाषाविज्ञान
2. ऐतिहासिक भाषाविज्ञान
3. समाजभाषाविज्ञान
4. प्रबंध विश्लेषण
5. मानवजाति भाषाविज्ञान
6. मनोभाषाविज्ञान
7. अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान
8. कंप्यूटेशन भाषाविज्ञान
9. सांख्यिकी-भाषाविज्ञान
10. तर्कशास्त्र, दर्शनशास्त्र और भाषाविज्ञान
11. भाषा का जीव और तंत्र – वैज्ञानिक आधार
12. भाषा संबंध
13. ध्वनिविज्ञान
14. लेखन-पद्धतियाँ
15. अलंकारशास्त्र
16. अवाचिक संप्रेषण
17. भाषा, साहित्य और संस्कृति
18. भाषा और राजनीति
19. भाषाविज्ञान का इतिहास
20. पाठ्यपुस्तकें
21. संदर्भ ग्रंथ

1. वर्णनात्मक भाषाविज्ञान

1.1. व्याकरण

1.1.1 आधुनिक

1.1.2. भारतीय परंपरा

1.2. स्वनप्रक्रिया

1.3. रूपिमविज्ञान और वाक्यविन्यास

1.4. अर्थविज्ञान

1.5. कोशविज्ञान

1.6. शाब्दिक-अर्थ-अध्ययन

सिंहावलोकन

1. भूमिका :

यह सर्वमान्य तथ्य है कि किसी भी विषय की वृद्धि और विकास के लिए एक ऐसी सुव्यवस्थित सूचना-पद्धति की आवश्यकता है जो उस विषय के बारे में उपलब्ध सामग्री को प्रभावी एवं सफल ढंग से प्रस्तुत कर सके।

यद्यपि भारत में आवश्यक साधन मौजूद हैं तथापि वर्तमान भाषा-वैज्ञानिक सूचना पद्धतियों को सुव्यवस्थित नहीं माना जा सकता। इसमें सहयोग और समन्वय की आवश्यकता है जिससे भारत के भाषावैज्ञानिकों की आवश्यकताओं को सहज ही पूर्ण किया जा सके।

वर्तमान भाषाविज्ञान की सूचना व्यवस्था में कई संस्थाएँ योगदान देती हैं यथा संस्थान पुस्तकालय, विश्वविद्यालय पुस्तकालय, व्यावसायिक संघ, भारत की समाज शास्त्र कांउसल, राष्ट्रीय केंद्र आदि। किंतु खेद की बात है कि इन संस्थाओं में सहयोग की कमी है। सूचना व्यवस्था की कमियों के कुछ कारण दिये जा रहे हैं :–

1. व्यवस्थित ग्रंथ-सूची नियंत्रण का अभाव,

2. भारतीय भाषाओं और भाषाविज्ञान में टिप्पीणी सहित विषय-ग्रंथ-सूचियों की कमी,

3. वर्तमान जानकारी की सेवाओं का अभाव,

4. संक्षेपीकरण एवं अनुक्रमणिका की देशी पत्रिकाओं का अभाव,

5. सूचना के ऐसे स्रोतों के बारे में नियमित जानकारी की सेवाओं का अभाव, जिनका वितरण सीमित होता हो या जो प्रकाशित नहीं होते।

6. अनुवाद की पर्याप्त सुविधाओं का अभाव।

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि सूचना व्यवस्था की कमियों से भाषा और सूचना वैज्ञानिक भिज्ञ हैं और वे इनको दूर करने और सूचना व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए भरसक प्रयत्न कर रहे हैं। इस दिशा में भारतीय भाषा संस्थान का प्रयास सराहनीय है। यह भारतीय भाषाओं और भाषाविज्ञान पर शोध के लिए एक शिरोमणी संस्था है और भारतीय भाषाओं के बारे में प्राप्त जानकारी को आवश्यकता के अनुसार प्रसारित करती है। इस संस्थान ने भारतीय भाषाओं और भाषा विज्ञान पर शोध-सामग्री पर विपुल सूचना के ग्रंथ संगृहीत किए हैं और भाषाविज्ञान के लिए विस्तृत सूचना-व्यवस्था का निर्माण एवं विकास किया है (शकुंतला शर्मा 1978, आचार्य 1978)। इस दिशा में प्रयास बढ़ाते हुए हमने भारतीय भाषाओं पर भाषा एवं भाषाविज्ञान से संबंधित आधरभूत सामग्री को एकत्र करने का कार्यक्रम बनाया है। इसके अंतर्गत निम्नलिखित क्षेत्रों पर कार्य होने की आशा है :–

(1) ग्रंथसूचिक सूचना: भारतीय भाषाओं पर भाषा एवं भाषाविज्ञान संबंधी शोध,

(2) भाषासांख्यिकी: मातृभाषा के आधार पर सामाजिक सांख्यिकी,

(3) विभिन्न भाषाओं तथा संस्कृत के महत्वपूर्ण साहित्यिक पाठों को कंप्यूटर के लिए प्रस्तुत करना जिससे विश्लेषण में सुविधा हो।

प्रस्तुत परियोजना:

राज्यों में भारतीय भाषाओं पर और भाषावैज्ञानिक और भाषा संबंधी शोध की वर्गीकृत ग्रंथ सूचियों के संकलन की प्रस्तुत परियोजना का उद्देश्य आधारभूत शोध-सामग्री की उपयुक्त एवं प्रभावशाली सूचना व्यवस्था का निर्माण करना है। सब राज्यों और संघीय क्षेत्रों पर 5 जिल्दों में सूचना सामग्री प्रस्तुत की जाएगी जिनका विवरण इस प्रकार है:

जिल्द 1: इसमें हिंदी-भाषी राज्यों, बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश तथा संघीय क्षेत्र दिल्ली में प्राप्त सामग्री संकलित है।

जिल्द 2: इसमें उत्तर पूर्वी क्षेत्र में किया गया शोध-कार्य संकलित है जिसमें पश्चिमी बंगला, उड़ीसा, असम, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, अंडमान तथा निकोबार टापू सम्मिलित हैं।

जिल्द 3: इसमें गुजरात, जम्मू और कश्मीर, महाराष्ट्र, पंजाब, संघीय क्षेत्र चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली, गोवा, दमन और दिउ क्षेत्र में हुआ शोध कार्य प्रस्तुत किया जाएगा।

जिल्द 4: इसमें कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और संघीय क्षेत्र लक्षद्वीप तथा पांडिचेरी क्षेत्रों में किया गया शोधकार्य प्रस्तुत किया जाएगा।

जिल्द 5: इसमें संपूर्ण भारत में संस्कृत, पालि, प्राकृत, उर्दू, अंग्रेजी तथा अन्य भारतीय भाषाओं पर सामान्य शोध सामग्री प्रस्तुत की जाएगी।

राज्य ग्रंथ-सूची का दो अर्थों में प्रयोग किया जा सकता है। इसे हम किसी राज्य में हुए संपूर्ण शोध-कार्य की ग्रंथ-सूची मान सकते हैं अथवा इसमें हम किसी राज्य से संबंधित सब शोध-कार्य सम्मिलित मान सकते हैं चाहे वह शोध-कार्य कहीं भी हुआ हो।

प्रस्तुत ग्रंथ में दूसरा अर्थ ग्रहण किया गया है। किंतु हमने इस का क्षेत्र कुछ सीमित कर दिया है। इसमें हमने उन भाषाओं पर भाषा एवं भाषावैज्ञानिक शोध कार्य सम्मिलित किया है जो एक राज्य में बोली जाती है। इसका तात्पर्य यह है कि हमने प्रत्येक राज्य के अंतर्गत न केवल वहाँ की राज्य-भाषा, अपितु वहाँ की बोलियाँ, जनजातीय तथा अन्य भाषाओं पर हुए शोध-कार्य को एक स्थान में प्रस्तुत किया है। अतः प्रत्येक राज्य-ग्रंथ सूची में तीन प्रकार की व्यवस्था का अनुगमन किया गया है। प्रथम, प्रत्येक राज्य में बोली जाने वाली भाषाओं को वर्णमाला क्रम में दिया गया है। द्वितीय प्रत्येक भाषा के अंतर्गत विषय के अनुसार प्रविष्टयों का विभाजन एवं प्रस्तुतीकरण किया गया है। अंतिम, इसमें भारतीय भाषाओं पर भाषावैज्ञानिक शोधकार्य

के अतिरिक्त भाषा से संबंधित साहित्य, संस्कृति, राजनीति आदि पर शोधकार्य भी सम्मिलित है।

वर्गीकरण की आधार: प्रविष्टियों का वर्गीकरण दो प्रकार से किया गया है:

(अ) भाषा

(ब) विषय

(अ) भाषा वर्गीकरण:

किसी राज्य में बोली जाने वाली क्षेत्रीय भाषाओं, बोलियों, जनजातीय तथा अन्य भाषाओं की पहचान और उनका वर्गीकरण का आधार निम्नलिखित है: (i) 1971 की जनगणना रिपोर्ट, (ii) मातृभाषाओं पर भाषा-पुस्तक, (iii) राज्यों एवं संघीय क्षेत्रों में भाषाओं का वितरण (iv) भारत तथा नेपाल में ऐसी भाषाओं की ग्रंथ-सूची जो कम जानी जाती है।

भाषाओं के संयोजन में सबसे पहले राज्य-भाषा दी गई है। उसके बाद राज्य में बोली जाने वाली अन्य भाषाओं को वर्णमाला-क्रम के अनुसार दिया गया है। यदि कोई भाषा एक से अधिक राज्यों में बोली जाती है तो उसे उस राज्य में सम्मिलित किया गया है जहाँ उसको बोलने वालों की संख्या अधिक है। उदाहरणस्वरूप, गोंडी मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और उड़ीसा में बोली जाती है। किंतु इसके अधिकांश वक्ता मध्यप्रदेश में हैं। अतः इसे मध्य प्रदेश के अंतर्गत रखा गया है। संस्कृत, पालि, प्राकृत, सिंधी, उर्दू आदि को, जो किसी राज्य विशेष की भाषाएँ नहीं मानी जातीं, संपूर्ण भारत की भाषाओं के रूप में अलग जिल्द में सम्मिलित किया गया है। इसी प्रकार सामान्य शोध-लेख, भारतीय भाषावैज्ञानिक परंपरा पर लेख आदि जो किसी विशेष भाषा से संबंधित नहीं है, उन्हें भी इसी जिल्द में संकलित किया गया है।

प्रत्येक राज्य में बोली जाने वाली भाषाओं की सूची परिशिष्ट में दी गई है। यह 1961 और 1971 की जनगणना के आंकड़ों पर आधरित है। चूँकि 1971 की जनगणना केवल उन्हीं भाषाओं को प्रस्तुत करती है जो 10000 या अधिक वक्ताओं द्वारा बोली जाती है, अतः 1961 की जनगणना को भी आधार बनाया गया है। भाषाओं की इस सूची में निम्न प्रकार की सूचना दी गई है: (अ) क्रमसंख्या, (ब) मातृभाषा का नाम, (ख) भाषा परिवार या समूह, (द) संपूर्ण भारत के स्तर पर उसके बोलने वालों की संख्या, (इ) राज्य विशेष में बोलने वालों की संख्या, (फ) राज्यों और संघीय क्षेत्रों में से तीन प्रमुख राज्यों में बोलने वालों की संख्या।

(ब) विषय वर्गीकरण:

प्रत्येक भाषा के अंतर्गत विषय के अनुसार प्रविष्टियों का विभिन्न उपवर्गों में वर्गीकरण किया गया है। विषय-वर्गीकरण की व्यवस्था संपादकों के द्वारा विकसित की गई है जिसे संपादकीय टिप्पणी के बाद किया गया है।

जिल्द 1: हिंदी-भाषी राज्य एवं संघीय क्षेत्रों के लिए:

जैसे कि पहले कहा गया है जिल्द 1 में उन राज्यों एवं संघीय क्षेत्रों में किया गया शोधकार्य सम्मिलित है, जहां हिंदी सामान्य रूप से क्षेत्रीय भाषा के रूप में प्रयुक्त होती है। इसमें 4241

प्रविष्टियां हैं जो क्रमशः दी गई हैं। इनमें से 3000 के लगभग प्रविष्टियां केवल हिंदी भाषा पर हैं तथा अन्य बोलियों, जनजातीय एवं अन्य भाषाओं पर हैं।

प्रस्तुत ग्रंथ-सूची का क्षेत्र पर्याप्त विस्तृत है। इसमें सामान्य-पुस्तकों, पाठ्य-पुस्तकों, रिपोर्टों, कांफ्रेंसों तथा कार्य-पत्रों आदि प्रविष्टियों को संकलित किया गया है। इसके अतिरिक्त पी-एच.डी. के शोध प्रबंधों को भी संकलित किया गया है। समय की दृष्टि से सबसे प्राचीन प्रविष्टि केटेलार की 1698 में प्रकाशित हिंदुस्तानी व्याकरण की है। 1982 तक की सब प्रविष्टियों को सम्मिलित करने का प्रयास किया गया है। विदेशी भाषाओं में प्रकाशित कुछ शोध-कार्य भी सम्मिलित किए गए हैं, यद्यपि इस दिशा में किया गया प्रयास पूर्ण संतोषजनक नहीं कहा जा सकता।

नमूना प्रविष्टि : जहाँ तक संभव हैं प्रत्येक प्रविष्टि के लिए ग्रंथ-सूची की समस्त सूचना दी गई है। किंतु जहाँ समस्त विवरण प्राप्त नहीं हो सका, वहाँ प्रविष्टियों में सूचना संपूर्ण नहीं है।

जैसी कि परिपाटी है प्रत्येक प्रविष्टि में लेखक के नाम का कुलनाम पहले और उसके बाद दूसरा नाम दिया गया है। किंतु कुछ प्रविष्टियाँ प्रथम नाम से दी गई हैं और कुलनाम अध्याक्षरों में दिया गया है। भारत के विभिन्न भागों, जातियों एवं धर्मों में प्रथम और द्वितीय नाम की विभिन्न परिपाटियाँ प्रचलित हैं। अतः भारतीय नामों को स्पष्ट भागों में बाँटना सहज नहीं है। फिर भी जहाँ तक संभव हो सका है, एक ही परिपाटी के अनुगमन का प्रयास किया गया है। नाम में वर्तनी के भेदों को भी यथासंभव दूर कर दिया गया है। यदि एक लेखक के नाम के अंतर्गत एक से अधिक प्रविष्टियाँ हैं तो उन्हें कालक्रम के अनुसार रखा गया है। यदि किसी प्रविष्टि में लेखक का नाम प्राप्य नहीं है तो उसे विषय के अंतर्गत वर्णमाला क्रमानुसार रखा गया है।

यदि किसी प्रविष्टि में दो लेखकों के नाम हैं तो दोनों नाम दिए गए हैं, किंतु वर्णमाला क्रम में केवल एक ही नाम को ध्यान में रखा गया है और दूसरे नाम को अनुक्रमणिका में दे दिया गया है। दो से अधिक लेखकों के होने पर केवल पहले लेखक का नाम दिया गया हैं और दूसरे लेखकों के लिए 'और अन्य' पद जोड़ दिया गया है।

लेखक के नाम के बाद प्रविष्टि का शीर्षक दिया गया है। यदि प्रविष्टि मूलतः अंग्रेजी या अन्य भाषा में है, तो उसका हिंदी में अनुवाद दिया गया है और उसके बाद कोष्ठक में अंग्रेजी शीर्षक या अन्य भाषा के शीर्षक को रोमन लिपि में प्रस्तुत किया गया है। प्रविष्टि के शीर्षक के बाद पुस्तक के प्रकाशक, प्रकाशन, स्थान और समय आदि की सूचना को देवनागरीकृत रूप में दिया गया है। हिंदी की मूल प्रविष्टियों को यथावत रूप में रखा गया है। जहाँ तक संभव हो सका है, पृष्ठ संख्या भी दी गई है। यदि कोई पुस्तक सीरीज़ में छपी है तो पुस्तकमाला का नाम कोष्ठक में दिया गया है। यदि किसी पुस्तक की समीक्षा हुई है, तो उसकी सूचना मुख्य प्रविष्टि के बाद दी गई है।

उदाहरण :—

बहल, काली चरण : हिंदी का संदर्भ व्याकरण
(A Reference Grammar of Hindi)

शिकागो, शिकागो विश्वविद्यालय, 1967, (अनुलिपि) समीक्षा : मिल्टनर व्लादिमीर

आर्काइव ओरिएंतालिनी, 38, 1970, पृ० 210-225

यदि किसी प्रविष्टि को पत्रिका में से लिया गया है, तो पत्रिका को मोटे अक्षरों में दिया गया है। उसके बाद जिल्द, संख्या, वर्ष, पृष्ठ संख्या आदि दिए गए हैं। यदि उसकी समीक्षा हुई है तो उसके बारे में भी सूचना प्रस्तुत की गई है :

उदाहरण :-

वाजपेयी, किशोरी दास : हिंदी का वैज्ञानिक विश्लेषण

सम्मेलन पत्रिका, 39 (1), 1952, पृ० 57-60

शोध-ग्रंथों एवं प्रबंधों के संबंध में पी-एच. डी. या डी. लिट. की उपाधि, डिप्लोमा आदि, विश्वविद्यालय का नाम, तथ उपाधि प्रदान वर्ष आदि की सूचना दी गई है। यदि शोध-ग्रंथ प्रकाशित हो चुका है तो प्रकाशन के बारे में भी सूचना प्रदान की गई है।

जैन, रमेश चंद : हिंदी समास रचना का अध्ययन

पी. एच.डी. शोधप्रबंध, आगरा, 1962, **भारतीय साहित्य**, 8 (2), 1963, पृ० 153-160

प्रस्तुतीकरण योजना : सुविधा के लिए ग्रंथ-सूची को चार भागों में विभाजित किया गया है :-

भाग 1 : हिंदी

भाग 2 : हिंदीभाषी राज्यों में हिंदी तथा अन्य भाषाएँ

भाग 3 : हिंदीभाषी राज्य

भाग 4 : हिंदीभाषी राज्यों में बोली जाने वाली हिंदी तथा अन्य भाषाएँ, जिन पर हिंदी राज्यों से बाहर भारत में तथा विदेशों में कार्य हुआ है।

भाग 1 : हिंदी :

हिंदी भाषा तथा भाषा विज्ञान पर लगभग 2200 प्रविष्टियाँ 17 वर्गों में बांटी गई हैं। प्रत्येक वर्ग की प्रविष्टियों को वर्गीकरण व्यवस्था के अनुसार उपवर्गों में संयोजित किया गया है।

भाग 2 : हिंदीभाषी राज्यों में हिंदी तथा अन्य भाषाएँ

इस भाग में हिंदी तथा अन्य भाषाओं पर प्रविष्टियाँ हैं जिनमें वर्णानात्मक, ऐतिहासिक, तुलनात्मक, क्षेत्रीय अथवा प्ररूपीय दृष्टि से अध्ययन हुआ है। इनका संयोजन भाषा-युग्मों में वर्णमाला-क्रम के अनुसार दिया गया है यथा हिंदी – असमिया, हिंदी – बंगला आदि। प्रत्येक भाषा-युग्म के अंतर्गत विषय के अनुसार प्रविष्टियों को वर्गीकृत किया गया है।

भाषा-युग्म के बाद तीन भाषा-समूह और बहुभाषा समूह आते हैं। उदारणस्वरूप हिंदी—असमिया के बाद हिंदी—असमिया—बंगला, हिंदी-असमिया-मराठी आदि समूहों पर प्रविष्टियां हैं। यहां भी वर्णमाला क्रम को ध्यान में रखा गया है।

इस भाग को दो उपभागों में बाँटा गया है:

(अ) अन्य भारतीय भाषाओं के साथ हिंदी
(ब) विदेशी भाषाओं के साथ हिंदी

भाग 3: हिंदी-भाषी राज्यों में हिंदी तथा अन्य भाषाएँ:

इनमें क्रमश: उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में जो कार्य हुआ है उसे प्रस्तुत किया गया है। संघीय क्षेत्र दिल्ली को अंत में रखा गया है।

प्रत्येक राज्य में विभिन्न भाषाओं को वर्णमाला-क्रम के अनुसार प्रस्तुत किया गया है। भाषा-शीर्षक के अंतर्गत प्रविष्टियों को विषय के अनुसार वर्गीकृत किया गया है। इसके बाद भाषा-युग्मों के अंतर्गत प्रविष्टियाँ आती हैं।

जहाँ भाषा का विवरण नहीं मिलता और केवल स्थान की सूचना प्राप्त होती है, वहाँ नाम को शीर्षक माना गया है और उसके बाद बोली को रखा गया है। उदारहरणस्वरूप 'वैशाली क्षेत्र की भाषा' को इस प्रकार दिया गया है: वैशाली, बोली।

भाग 4: अपने भाषायी क्षेत्रों से बाहर (भारत और भारत से बाहर)—हिंदी भाषी राज्यों की हिंदी तथा अन्य भाषाएँ:

इस भाग में मुख्य शीर्षक राज्य का नाम है जिसके बाद हिंदी या हिंदी-भाषी राज्यों में बोली जाने वाली अन्य भाषाएँ आती हैं। वर्णमाला क्रम को भी ध्यान में रखा गया है। उदाहरण:

अंडमान और निकोबार टापू, हिंदी; असम, हिंदी; कर्नाटक, हिंदी आदि।

प्रत्येक शीर्षक के अंतर्गत प्रविष्टियों को विषय-वर्ग के अनुसार संयोजित किया गया है।

इस भाग को भी दो उपभागों में बांटा गया है:

(आ) हिंदी-भाषी राज्यों से बाहर हिंदी
(ब) भारत से बाहर हिंदी

जहाँ तक संभव हो सका है भाग के अंतर्गत तथा विभिन्न भागों में प्रविष्टियों के पारस्परिक संदर्भ भी दिए गए हैं।

अनुक्रमणिका: प्रस्तुत सूचना को सुलभ बनाने के लिए तीन प्रकार की अनुक्रमणिकाएँ तैयार की गई हैं।

(1) **लेखक अनुक्रमणिका:** लेखकों के नाम वर्णमाला-क्रम के अनुसार दिए गए हैं और प्रत्येक नाम के आगे प्रविष्टि का अनुक्रमांक दिया गया है। यदि किसी लेखक की एक से अधिक रचनाएँ

हैं तो उनका नंबर नाम के आगे क्रम से दिया गया है। दो लेखक होने पर दोनों के नाम वर्णमाला-क्रम के अनुसार उनकी प्रविष्टियों के अनुक्रमांक सहित दिए गए हैं।

(2) **भाषा अनुक्रमणिका :** इसमें भाषाओं को वर्णमाला-क्रम के अनुसार अनुक्रमांक सहित दिया गया है।

(3) **पत्रिका अनुक्रमणिका :** पत्रिकाओं की सूची वर्णमाला क्रम से दी गई है। प्रत्येक पत्रिका के सामने उसमें प्रकाशित लेखों के अनुक्रमांक क्रमशः दिए गए हैं।

समस्याएँ और सीमाएँ : प्रस्तुत ग्रंथ-सूची के लिए विभिन्न प्रकार के प्राथमिक एवं अप्रधान स्रोतों से सामग्री एकत्रित की गई है। जब विभिन्न अप्रधान स्रोतों से सामग्री एकत्रित की जाती है, तो उनकी सीमाएँ भी परिलक्षित हो ही जाती हैं, चाहे उनको दूर करने का भरसक प्रयत्न क्यों न किया जाए।

सबसे प्रमुख कठिनाई प्रविष्टि के शीर्षक से होती है। प्रविष्टियों का वर्गीकरण शीर्षक के आधार पर किया जाता है। शीर्षक से कभी-कभी लेख अथवा पुस्तक का विषय स्पष्ट नहीं हो पाता। अतः कई प्रविष्टियों का वर्गीकरण संदिग्ध रह जाता है।

जब मूल प्रविष्टि अंग्रेजी अथवा अन्य विदेशी भाषा में हो तो उसका हिंदी में अनुवाद करने में कई कठिनाईयाँ आती हैं। यद्यपि हिंदी में भाषा-वैज्ञानिक तकनीकी शब्दावली उपलब्ध है, वह पर्याप्त नहीं है और उसमें आधुनिकतम संकल्पनाओं के लिए उपयुक्त शब्द नहीं मिलते। ऐसी संकल्पनाओं के लिए हमें नवीन तकनीकी शब्द गढ़ने पड़े हैं। उदाहरण के लिए– Topicalization के लिए तकनीकी शब्दावली में कोई उपयुक्त शब्द नहीं मिलता। इसके लिए हमने विषय-प्रमुखीकरण गढ़ा है। कहीं-कहीं दो शब्दों के लिए हिंदी की तकनीकी शब्दावली में एक ही शब्द मिलता है। उदाहरण के लिए lexicology और Semantics के लिए 'शब्दार्थविज्ञान' का प्रयोग मिलता है। हमने इसके लिए क्रमश: 'कोशविज्ञान' और 'अर्थविज्ञान' का प्रयोग किया है। कहीं-कहीं पर अंग्रेजी के शीर्षक का भावानुवाद करना पड़ा है।

जब कोई लेख रूसी अथवा अन्य विदेशी भाषा में है तो उसके हिंदी अनुवाद के लिए हमें अंग्रेजी अनुवाद पर ही निर्भर रहना पड़ा है।

किसी-किसी ग्रंथ-सूची में सूचना अपूर्ण है या मानक रूप में प्रस्तुत नहीं की गई है। कुछ स्रोत-ग्रंथों में ग्रंथ-सूची संबंधी सूचना भिन्न-भिन्न प्रकार से प्रस्तुत की गई है। कुछ स्रोत-ग्रंथों में लेखक का कुलनाम नहीं मिलता तो कुछ में प्रथम नाम, कुछ में स्थिति इसके विपरीत है। कहीं-कहीं प्रकाशक, प्रकाशन-स्थान और समय आदि की सूचना नहीं मिलती है। पत्रिकाओं के लेखों के संबंध में कहीं जिल्द-नंबर, पत्रिका नंबर, वर्ष अथवा पृष्ठ-संख्या के बारे में सूचना नहीं मिलती।

भिन्न-भिन्न स्रोतों में कहीं-कहीं एक ही प्रविष्टि के लिए प्रकाशन समय में मतभेद मिलता है। इसी प्रकार शीर्षक और लेखक के नाम में वर्तनी-भेद भी मिलता है। प्रायः शोधग्रंथों और प्रबंधों को एक स्रोत किसी एक भाषा में देता है तो दूसरा दूसरी भाषा में।

कुछ स्रोतों में लेखकों के नाम भिन्न-भिन्न मिलते हैं, क्योंकि कहीं अंतिम नाम दिया गया है, कहीं प्रथम और कहीं नाम का कोई और भाग। प्रायः भारतीय नामों में यह कठिनाई अधिक

आती है। उदाहरण के लिए एक ही नाम जय कृष्ण, कृष्ण, जय और विद्यालंकार जयकृष्ण रूपों में मिलता है। ऐसी दशा में पुनरावृत्ति से बचना अत्यन्त कठिन है। फिर भी पुनरावृत्ति से बचने का भरसक प्रयत्न किया गया है।

कुछ स्रोतों में संकेत – चिह्नों की सूची नहीं दी गई है। यथासंभव इन संकेत-चिह्नों को नहीं दिया गया। किंतु जहाँ ऐसा संभव नहीं हुआ, वहाँ संकेत-चिह्न तो दिए गए हैं, पर उनका पूर्ण-रूप नहीं दिया गया।

II. विषय-वस्तु का आशय-विश्लेषण

हिंदी-भाषी राज्यों में हिंदी तथा अन्य भाषाओं पर प्रविष्टियों के विषय की प्रकृति और प्रकार का आशय-विश्लेषण नीचे दिया गया है।

(1) कालक्रमानुसार विश्लेषण : भिन्न-भिन्न समय पर शोध का कालक्रम के अनुसार वितरण

(2) विषय-विश्लेषण : भाषा-विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में तथा सैद्धांतिक एवं अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान के अंतर्गत प्रविष्टियों का वितरण

(3) भाषानुसार वितरण : हिंदी तथा अन्य भाषाओं पर शोधकार्य का माध्यम भाषा के अनुसार वितरण

(4) पत्रिकाओं के अनुसार वितरण : ऐसी पत्रिकाओं की सूची जो हिंदी-भाषी राज्यों में हिंदी तथा अन्य भाषाओं पर शोध-सामग्री प्रकाशित करती है और उनमें प्रविष्टियों का वितरण।

1. कालक्रमानुसार विश्लेषण : इसके लिए हमने 1600 से लेकर 1982 तक के समय को इन कालों में बांटा है : 1600-1700, 1701-1800, 1801-1900, 1901-1950, 1951-1960, 1961-1970, 1971-1980, 1981-प्रकाशन समय के आधार पर प्रविष्टियों का विभाजन सारिणी 1 में दिया गया है।

ऊपर के त्रिकोण में प्रविष्टि-संख्या हिंदी पर है तथा नीचे वाले में अन्य भाषाओं पर। कोष्ठक में दी गई संख्या हिंदुस्तानी भाषा पर है। शोधग्रंथों, प्रबंधों, पुस्तकों, अनुवादित रचनाओं, एवं समीक्षाओं के भिन्न-भिन्न संस्करण, प्रतिमुद्रण, पुनर्प्रकाशन आदि में प्रविष्टियाँ दुबारा गिनी गई हैं। यथा, यदि प्रथम संस्करण 1965 में प्रकाशित हुआ है तो 1961-1970 के अंतर्गत लिया गया है और यदि वही ग्रंथ 1974 में भी प्रकाशित हुआ है तो उसे 1970-80 के अंतर्गत रखा गया है।

कालक्रमानुसार हिंदी पर भाषावैज्ञानिक शोध से एक बात स्पष्ट दिखाई देती है। बीसवीं शताब्दी के पूर्वाद्ध तक हिंदी पर शोध-कार्य प्रतिष्ठित नहीं हो पाया था। उसके बाद अगले तीन दशकों में विशेषकर 1960 और 1970 के दशकों में हिंदी पर पर्याप्त शोधकार्य हुआ है। बीसवीं शतब्दी के उत्तरादूर्ध में हिंदी पर शोधकार्य की बढ़ोत्तरी का एक मुख्य कारण यह हो सकता है कि हिंदी राष्ट्रीय-भाषा के रूप में उभर कर सामने आई।

हिंदी की तुलना में हिंदी-भाषी राज्यों में अन्य भाषाओं पर भाषा-वैज्ञानिक शोध अधिकतर उन्नीसवीं शताब्दी एवं बीसवीं शताब्दी के पूर्वाद्ध में हुआ है। सबसे प्राचीन ग्रंथ केटेलार का

सारिणी – 1

हिंदी-भाषी राज्यों में हिंदी तथा अन्य भाषाओं पर कालक्रमानुसार प्रविष्टियों का वितरण

विषय	1600-1700	1701-1800	1801-1900	1901-1950	1951-1960	1961-1970	1971-1980	1981-
भाषावैज्ञानिक शोध	– / 1 (1)	– / 3 (2)	7 / 50 (9)	33 / 89 (12)	214 / 135 (11)	896 / 387 (10)	989 / 361 (7)	50 / 15
पाठ्य पुस्तकें	– / –	– / –	8 / 56 (47)	129 / 41 (27)	25 / 7 (4)	222 / 28 (1)	168 / 6	3 / –
कोश शब्द सूची	– / –	– / 1 (1)	10 / 29 (10)	28 / 14 (2)	50 / 9 (1)	65 / 15 (2)	94 / 12	1 /

हिंदुस्तानी व्याकरण है जो 1698 में डच भाषा में लिखा गया था। अन्य भाषाओं पर अधिकांश शोध-कार्य वर्णनात्मक व्याकरणों पर है। हिंदी के समान ही 1960 और 1970 के दशकों में अन्य भाषाओं पर भी पर्याप्त शोध-कार्य हुआ है।

पाठ्य-पुस्तकों के कालक्रमानुसार वितरण से स्पष्ट है कि उन्नीसवीं शताब्दी में बहुत कम पाठ्य-पुस्तकें प्राप्त थीं। बीसवीं शताब्दी के पूर्वाद्ध में हिंदी पर भाषावैज्ञानिक शोध की अपेक्षा पाठ्य-पुस्तकों का प्रकाशन कहीं अधिक है। सारिणी से यह भी स्पष्ट है कि अगले तीन दशकों में भी पर्याप्त पाठ्य-पुस्तकें प्रकाशित हुईं।

हिंदी-भाषी राज्यों में हिंदी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं पर भी उन्नीसवीं शताब्दी में काफ़ी संख्या में पाठ्य-पुस्तकों का प्रकाशन हुआ है। इसी प्रकार बीसवीं शताब्दी के पूवाद्ध में भी कार्य की गति तीव्र रही है। किंतु शताब्दी के उत्तरार्द्ध में हिंदी की अपेक्षा अन्य भाषाओं की पाठ्य-पुस्तकों में कमी आई है। हिंदी पर कोश उन्नीसवीं शताब्दी से उपलब्ध होते हैं। हाल के कुछ दशकों में हिंदी में कोश-निर्माण में निरंतर वृद्धि देखी जा सकती है। अब विशेष प्रकार के कोशों के निर्माण पर बल दिया जा रहा है।

अन्य भाषाओं पर सबसे पहले का कोश अठारहवीं शताब्दी में बना था। उन्नीसवीं शताब्दी में पर्याप्त संख्या में कोश बनाये गए थे। किंतु उसके बाद कोश-निर्माण में कमी आ गई है।

(2) हिंदी-भाषीं राज्यों में हिंदी तथा अन्य भाषाओं पर शोध-कार्य का विषय के अनुसार वितरण :

विषय विश्लेषण : इस दृष्टि से भाषावैज्ञानिक शोध-कार्य को तीन भागों में बाँटा गया है (1) सैद्धांतिक, (2) अनुप्रयुक्त, और (3) अंतर्विषयक। किंतु ये तीन भाग एकदम अलग नहीं हैं क्योंकि अंतर्विषयक शोध भी अनुप्रयुक्त हो सकती है। इन तीन भागों के अतिरिक्त एक चौथा सामान्य वर्ग स्थापित किया गया है जिसमें भाषा और साहित्य पर प्रविष्टियाँ सम्मिलित हैं। (सारिणी 2 अ)

प्रथम, तीन वर्गों में विभिन्न विषयों के अनुसार प्रविष्टियों का वर्गीकरण किया गया है (सारिणी 2 ब)। इसके अतिरिक्ति मुख्य विषय के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के अनुसार प्रविष्टियों को वर्गीकृत किया गया है (सारिणी 2 स)। अंत में हिंदी तथा अन्य भाषाओं पर विषय के अनुसार वर्गीकृत समस्त प्रविष्टियों को एक श्रेणीबद्ध सूची में प्रस्तुत किया गया है (सारिणी 2 द)।

सारिणी 2 अ : हिंदी-भाषी राज्यों में हिंदी तथा अन्य भाषाओं पर भाषावैज्ञानिक शोध का विभिन्न वर्गों में वितरण

शोध का प्रकार	प्रविष्टियों की संख्या	प्रतिशत
सैद्धांतिक	2038	63.79
अनुप्रयुक्त	397	12.42
अंतर्विषयक	486	15.21
सामान्य	274	8.58
कुल योग	3195	100.00

सारिणी 2 ब (I) सैद्धांतिक शोध का वितरण

विषय	प्रविष्टियों की संख्या	वितरण
वर्णनात्मक भाषाविज्ञान	1060	62.67
ऐतिहासिक भाषाविज्ञान	359	21.09
भाषा-संबंध	186	10.92
स्वनिकी	133	7.81
लेखन पद्धतियाँ	113	6.64
भाषाविज्ञान का इतिहास	31	1.82
कुल योग	1702	100.00

अनुप्रयुक्त शोध का विषयानुसार वितरण कृपया सारिणी 2 स में देखिए।

सारिणी 2 ब (II) अंतर्विषयक शोध का विषयानुसार वितरण

विषय	प्रविष्टियों की संख्या	प्रतिशत
समाज-भाषाविज्ञान	378	58.58
मनोभाषाविज्ञान	58	9.03
मानव जातीय-भाषाविज्ञान	31	4.83
तर्कशास्त्र, दर्शनशास्त्र और भाषाविज्ञान	8	1.25
कंप्यूटेशन भाषाविज्ञान	4	0.62
भाषा का जीव और तंत्र वैज्ञानिक आधार	4	0.62
सांख्यिकीय भाषाविज्ञान	3	0.47
भाषा और राजनीति	156	24.29
योग	642	100.00

सारिणी 2 स :

वर्णनात्मक भाषाविज्ञान = 1060

विषय	प्रविष्टियों की संख्या	प्रतिशत
व्याकरण-आधुनिक	214	20.2
व्याकरण-भारतीय परंपरा	4	0.09
स्वनप्रक्रिया	95	8.96
स्वनप्रक्रिया और वाक्य विन्यास	500	47.2
अर्थ विज्ञान	81	7.64
कोश विज्ञान	16	1.51
शाब्दिक-अर्थ-अध्ययन	150	14.15

समाज-भाषाविज्ञान = 378

विषय	प्रविष्टियों की संख्या	प्रतिशत
सामान्य	43	11.4
उपभाषाविज्ञान	99	26.2
भाषा संपर्क	57	15.07
बहुभाषिकता	14	3.7
वाक् का मानवजातीय वर्णन	11	2.91
भाषा का समाजशास्त्र	4	1.05
भाषा नियोजन-सामान्य	64	16.93
भाषा नियोजन-शिक्षा	35	9.26
भाषा नियोजन-प्रशासन	35	9.26
नामविज्ञान	16	4.23

ऐतिहासिक भाषाविज्ञान = 359

विषय	प्रविष्टियों की संख्या	प्रतिशत
भाषा का इतिहास	140	25.64
तुलनात्मक	46	12.81
व्याकरण	31	8.6
भाषा-कालक्रम-विज्ञान	5	1.4
व्युत्पत्तिशास्त्र	38	10.5
शिलालेख	6	1.7
मूलपाठ विषयक	93	25.91

मानव जाति भाषाविज्ञान = 31

विषय	प्रविष्टियों की संख्या	प्रतिशत
सामान्य	22	70.97
मानव जातीय वर्णन	9	22.6

मनोभाषा विज्ञान = 58

विषय	प्रविष्टियों की संख्या	प्रतिशत
सामान्य	8	13.79
भाषा-अधिग्रहण	4	6.89
भाषा अधिगम	44	75.86
अभिवृत्ति	2	3.45

अपुप्रयुक्त भाषाविज्ञान= 397

विषय	प्रविष्टियों की संख्या	प्रतिशत
भाषाशिक्षण	115	28.96
शब्दकोशविज्ञान-कोशनिर्माण	44	11.08
शब्दकोशविज्ञान-तकनीकी शब्दसूची	16	4.03
अनुवाद	26	6.55
शैलीविज्ञान-सामान्य	23	5.79
शैलीविज्ञान-पाठ	13	3.27
शैलीविज्ञान-साहित्यिक	57	14.35
शैलीविज्ञान-मौखिक	52	13.09
शैलीविज्ञान-काव्यशास्त्र	36	9.06
शैलीविज्ञान-प्रयुक्तियां	15	3.77

शब्दकोश = 226

विषय	प्रविष्टियों की संख्या	प्रतिशत
एकभाषी	34	15
बहुभाषी	149	65.93
विशेष	43	19.03

विषय	प्रविष्टियों की संख्या
कंप्यूटेशन भाषाविज्ञान	4
सांख्यिकीय भाषाविज्ञान	3
तर्कशास्त्र, दर्शनशास्त्र और भाषाविज्ञान	8
भाषा का जीव और तंत्र वैज्ञानिक आधार	4
स्वनिकी	113
भाषा, साहित्य और संस्कृति	274
भाषा और राजनीति	156
विश्वकोश	3

भाषा-संबंध = 186

विषय	प्रविष्टियों की संख्या	प्रतिशत
सामान्य	11	5.91
तुलनात्मक	12	6.45
तुलनात्मक व्याकरण	24	12.96
तुलनात्मक स्वनप्रक्रिया	34	18.28
तुलनात्मक स्वप्रक्रिया और		
वाक्य विन्यास	96	51.61
तुलनात्मक अर्थविज्ञान	3	1.61
तुलनात्मक कोशविज्ञान	1	0.54
प्ररूपीय	4	2.15
क्षेत्रीय	1	0.54

भाषा का इतिहास = 31

विषय	प्रविष्टियों की संख्या	प्रतिशत
व्याकरण के स्कूलों का इतिहास	9	29.03
भाषावैज्ञानिक पद्धतियाँ	16	51.61
विषय की वर्तमान स्थिति	6	19.35

शब्दसूची = 91

विषय	प्रविष्टियों की संख्या	प्रतिशत
एकभाषी	21	23.08
बहुभाषी	64	70.34
विशेष	6	6.6

ग्रंथसूची = 17

विषय	प्रविष्टियों की संख्या	प्रतिशत
सामान्य	8	47.05
विशेष	9	52.92

सारिणी 2द: हिंदी-भाषी राज्यों में हिंदी और अन्य भाषाओं पर भाषावैज्ञानिक शोध के विषयानुसार वितरण की श्रेणीबद्ध सूची

श्रेणी	विषय	प्रविष्टियों की संख्या	प्रतिशत
1.	वर्णनात्मक भाषाविज्ञान	1060	36.29
2.	अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान	397	13.59
3.	समाज-भाषाविज्ञान	378	12.94
4.	ऐतिहासिक भाषाविज्ञान	359	12.29
5.	भाषा-संबंध	186	6.37
6.	भाषा और राजनीति	156	5.34
7.	स्वनिकी	133	4.55
8.	लेखन-पद्धतियाँ	113	3.87
9.	मनोभाषाविज्ञान	58	1.99
10.	मानव जाति भाषाविज्ञान	31	1.06
11.	भाषाविज्ञान का इतिहास	31	1.06
12.	तर्कशास्त्र, दर्शनशास्त्र, और भाषाविज्ञान	8	0.27
13.	कंप्यूटेशन भाषाविज्ञान	4	0.14
14.	भाषा का जीव और तंत्र वैज्ञानिक आधार	4	0.14
15.	सांख्यिकीय भाषाविज्ञान	3	0.10
	योग	2921	100.00

हिंदी-भाषी राज्यों में हिंदी और अन्य भाषाओं पर शोध सामग्री के विषयानुसार वितरण से भारत में भाषावैज्ञानिक शोध की असंतुलित स्थिति स्पष्ट हो जाती है। सैद्धांतिक और अनुप्रयुक्त भाषावैज्ञानिक शोध-सामग्री में काफ़ी अंतर है। कुल शोध का लगभग 64% शोध-कार्य सैद्धांतिक है, अनुप्रयुक्त और अंतर्विषयक शोध केवल 25% है (सारिणी 2 अ)।

जैसा कि सारिणी 2 ब (1) से स्पष्ट है सैद्धांतिक शोध के अंतर्गत वर्णनात्मक भाषावैज्ञानिक अध्ययन प्रमुख है। 62.27% प्रविष्टियाँ वर्णनात्मक भाषाविज्ञान पर हैं। इसके बाद ऐतिहासिक भाषाविज्ञान (21.09) और भाषा-संबंध (10.92) आते हैं। स्वनिकी (7.91%) लेखन पद्धतियों (6.64%) और भाषाविज्ञान (1.82%) के इतिहास पर बहुत कम ध्यान दिया गया है।

सैद्धांतिक भाषाविज्ञान के समान अन्य मुख्य वर्गों एवं उपवर्गों में प्रविष्टियों का वितरण बराबर नहीं है। उदाहरण के लिए (सारिणी 2 स) वर्णनात्मक भाषाविज्ञान के अंतर्गत लगभग 50% प्रविष्टियाँ रूपप्रक्रिया और वाक्यविन्यास पर हैं। इसके बाद वर्णनात्मक व्याकरण (21.1%) और वर्णनात्मक शाब्दिक-अर्थ-अध्ययन (14.15%) आते हैं। अर्थविज्ञान (7.64%) और कोशविज्ञान (1.51%) पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। इसी प्रकार भाषा-संबध के अंतर्गत 90% प्रविष्टियाँ तुलनात्मक हैं, जबकि प्ररूपीय, क्षेत्रीय और सामान्य प्रविष्टियाँ कुल मिलाकर 10% हैं। तुलनात्मक अध्ययन के अंतर्गत अधिकांश (51%) प्रविष्टियाँ रूपप्रक्रिया और वाक्य-विन्यास पर हैं।

शोध-सामग्री का असमान वितरण अन्य मुख्य वर्गों और उपवर्गों में भी मिलता है। अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान में 49% प्रविष्टियाँ शैली विज्ञान पर है (सारिणी 2 स)। 28.96% भाषा-शिक्षण, 15% शब्दकोशविज्ञान और 6.55% अनुवाद पर हैं। भारत जैसे बहुभाषी देश में अनुवाद पर शोध की कमी गंभीर विषय है।

अंतर्विषयक शोध के अंतर्गत अधिकांश कार्य समाज-भाषाविज्ञान में हुआ है। इस पर 58.58% प्रविष्टियां हैं। समाज भाषाविज्ञान में भी भाषा-नियोजन और भाषा-संपर्क पर अधिक ध्यान दिया गया है (सारिणी 2 स)। समाज-भाषाविज्ञान के बाद भाषा और राजनीति (25%) और मनोभाषाविज्ञान (9.03) वर्ग आते हैं। मनोभाषाविज्ञान में भाषा-अधिगम पर अधिक ध्यान दिया गया है, जब कि भाषा-अधिग्रहण पर बहुत कम (सारिणी 2 स)। सांख्यिकी और कंप्यूटेशन भाषाविज्ञान का व्यवस्थित एवं सुदृढ़ सूचना व्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान है। किंतु इस दिशा में बहुत कम कार्य हुआ है।

3 भाषा के अनुसार वितरण : भाषानुसार वितरण के लिए पाठ्य-पुस्तकों और संदर्भ-ग्रंथों जैसे कोश, शब्दसूचियों, ग्रंथ सूचियों आदि को सम्मिलित नहीं किया गया है। जिन भाषाओं पर शोध कार्य हुआ है उन्हें दो भागों में बाँटा गया है – हिंदी भाषी राज्यों में और अन्य भाषाएँ। यह शोध सामग्री जिन भाषाओं में प्रकाशित हुई है उनको तीन समूहों में रखा गया है – अष्टम् अनुसूची की भाषाएँ, अष्टम् अनुसूची से भिन्न भाषाएँ तथा विदेशी भाषाएँ जिनके सामग्री के अनुसार कई उपवर्ग हैं। इस प्रकार जिन भाषाओं पर शोध हुआ है और वह जिन-जिन

भाषाओं में प्रकाशित हुआ है, इन दो दृष्टिकोणों से भाषानुसार शोध-सामग्री का वितरण नीचे दिया गया है:

सारिणी 3: हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी तथा अन्य भाषावैज्ञानिक शोध का भाषानुसार वितरण

हिंदी, विदेशी तथा अन्य भाषाओं में प्रकाशित शोध सामग्री	भाषा वैज्ञानिक शोध				
	हिंदी		%	अन्य भाषाएँ	%
अष्टम अनुसूची की भाषाओं में प्रकाशित शोध सामग्री	बंगला	1	0.04	–	–
	गुजराती	0.04	1	–	–
	हिंदी	1413	63.64	471	44.81
	कन्नड	1	0.04	471	44.81
	मलयालम	1	0.04	1	0.19
	तेलुगु	1	0.04	–	
	उर्दू	–	–	6	0.57
अन्य भाषाओं में प्रकाशित शोध सामग्री	भोजपुरी	–	–	1	0.09
	हो	–	–	1	0.09
	खरिया	–	–	1	0.09
	कोरकू	–	–	1	0.09
	मैथिली	–	–	3	0.028
	संथाली	–	–	1	0.09
विदेशी भाषाओं में प्रकाशित शोध सामग्री	अंग्रेजी	725	32.65	539	51.28
	फ्रांसीसी	1	0.04	5	0.47
	जर्मन	11	0.49	7	0.66
	लैटिन	–	–	1	0.09
	रूसी	65	2.92	11	1.04

सारिणी 3 से स्पष्ट है कि हिंदी पर भाषावैज्ञानिक शोध-कार्य मुख्य रूप से हिंदी में प्रकाशित है। अष्टम अनुसूची की भाषओं तथा इससे अन्य भाषाओं में प्रकाशित हिंदी पर शोधकार्य नगण्य है।

हिंदी के बाद अंग्रेजी में प्रकाशित हिंदी के शोधकार्य का स्थान आता है। रूसी और जर्मन आदि विदेशी भाषाओं में भी हिंदी पर शोध-कार्य प्रकाशित हुए हैं। यह अष्टम अनुसूची की भाषाओं में प्रकाशित शोध कार्य से अधिक है।

हिंदी-भाषी राज्यों में हिंदी शोधकार्य के समान अन्य भाषाओं पर शोध-सामग्री के संप्रेषण के लिए भी हिंदी और अंगेजी महत्वपूर्ण है।

4. पत्रिकाओं के अनुसार वितरण :

जिन शोध-पत्रिकाओं में हिंदी और अन्य भाषाओं पर शोध सामग्री प्रकाशित होती है उनकी एक सूची तैयार की गई है और प्रविष्टियों की संख्या के अनुसार उन्हें श्रेणी-क्रम में रखा गया है। ऐसी प्रथम दस पत्रिकाओं की सूची सारिणी 4 में दी गई है।

अनुक्रमणिका में पत्रिकाओं की जो सूची दी गई है उनमें कुल 1413 शोध-पत्र प्रकाशित हुए हैं। इनमें से 974 प्रधान पत्रिकाओं में छपे हैं। इसका अभिप्राय यह है कि हिंदी-भाषी राज्यों में लगभग 70% भाषा एवं भाषावैज्ञानिक शोध-सामग्री प्रथम 10 प्रमुख पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई है। इन पत्रिकाओं में 'भाषा' का स्थान महत्वपूर्ण है और इसमें लगभग 45% शोध-पत्र प्रकाशित हुए हैं। इसके बाद जो पत्रिकाएँ प्रमुख हैं, वे हैं—गवेषणा, इंडियन लिंग्विस्टिक्स, भारतीय साहित्य आदि। विश्वविद्यालयों और संस्थानों के जर्नल भी शोध-सामग्री के प्रकाशन के लिए महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

सारिणी – 4

श्रेणी	प्रधान पत्रिकाओं की सूची	प्रकाशित शोध-पत्रों की संख्या
1.	भाषा	434
2.	गवेषणा	116
3.	इंडियन लिंग्विस्टिक्स	109
4.	भारतीय साहित्य	78
5.	सम्मेलन पत्रिका	55
6.	नागरी प्रचारिणी पत्रिका	49
7.	जर्नल आफ़ द एशियाटिक सोसाइटी	35
8.	हिंदुस्तानी	33
